## प्रेस विज्ञप्ति

# एयरटेल 4th जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल 2012 का आगाज 27 जनवरी की शाम बिरला ऑडिटोरियम में 5.30 बजे

**जयपुर 25 जनवरीः** विविधताओं, रंगों और चित्रों से आबाद **एयरटेल 4th जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल 2012** का आगाज **27 जनवरी** की शाम बिरला ऑडिटोरियम में जयपुर की सुनहरी रंग भरी शाम को 5.30 बजे होगा। अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान के समारोह में भाग लेने की संभावना है। समारोह का उद्‌घाटन प्रसिद्ध सिने तारिका जया बच्चन करेंगी। उद्‌घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि होंगे फ्रांस से 2001 में 'नो मेन्स लेण्ड' फिल्म के ऑस्कर विजेता निर्माता मार्क बशित।

चतुर्थ एयरटेल जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से 27–31 जनवरी तक आयोजित होने जा रहा है।

**लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड्सः**

7 बजे उद्‌घाटन समारोह का दूसरा सत्र शुरू होगा। इसमें श्रीमती जया बच्चन को लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड्स से नवाज़ा जायेगा।

समारोह के दौरान भारत, फ्रांस, अमेरिका, चाईना, नाईजीरिया, अर्जेन्टिना, कोलम्बिया, इंग्लैण्ड आदि देशों के 250 से ज्यादा फिल्म मेकर्स, प्रोड्यूसरस, अभिनेता, अभिनेत्रियां मौजूद रहेंगे। इन से एकत्रित फिल्मी लोगों की चहल पहल से जयपुर का ग्लेमर और निखर कर सामने आयेगा। वहीं जयपुर वासियों को विश्व की बेहतरीन फिल्में देखने का अवसर मिलेगा।

**उद्‌घाटन सत्र 6 महान हस्तियों के नाम :**

समारोह के आगाज से पहले 2011 में हम सब को छोड़कर जा चुके 6 महान हस्तियों को श्रृद्धांजली देने के साथ होगा। ये महान कलाकार हैं : सदाबहार अभिनेता देव आनन्द, चॉकलेटी छवि वाले शम्मी कपूर, गंभीर विषयों पर फिल्म बनाने वाले फिल्म निर्देशक मणि कौल, हॉलीवुड और बॉलीवुड में जाना पहचाना नाम जग मोहन मूंदड़ा, संगीतकार दान सिंह और महान गजल गायक जगजीत सिंह हैं। इनमें अंतिम चार का सम्बन्ध राजस्थान से हैं।

यह वर्ष भारतीय फिल्म उद्योग के बड़े–बड़े फनकारों/कलाकारों के चले जाने की याद में हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। हर सिने प्रेमी को इन सभी महान व्यक्तियों की यादें हमेशा अपने जेहन में जिन्दा रहे। जिफ आयोजकों ने जिफ 2012 की इन सभी की याद में समर्पित किया है।

**विश्व माहेन भट्ट का वीणा वादनः**

उद्घाटन सत्र में ग्रेमी अवार्ड विजेता पं. विश्वमोहन भट्ट का वीणा वादन होगा। देश–विदेश से आये संगीत प्रेमियों के लिए उनके वीणा के तारों की झनकारों की मधुर तान सुनने को मिलेगी।

**6 वेन्यू 70 देश 5 दिन और 178 फिल्में:**

इस बार जिफ ने जयपुर को ही नहीं पूरे विश्व को चौंका दिया है। समारोह इस बार प्रमुख रूप से गोलछा सिनेमा और चैम्बर भवन पर ही आयोजित होगा। पर 27 जनवरी को उद्घाटन सत्र शाम 5.30 बजे बिरला सभागार में तथा रेड कारपेड अवार्ड सेरेमनी 31 जनवरी को सिटी पैलेस में 5.30 बजे से आयोजित होगी। जल महल व पिंक स्क्वायर में फिलम मेकर्स के लिए रात्रिभोज व सांस्कृति कार्यक्रम होंगे। इस तरह से 70 देशों से चयनित 178 फिल्मों का प्रदर्शन पांच दिनों तक चलता रहेगा।

**अब कान्स, ऑस्कर सभी यहांः**

जिफ में कान्स, ऑस्कर में चयनित फिल्में देखने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन सत्र में कान्स में चयनित मोमबत्ती और ऑस्कर में चयनित 'रोड टू होम' का प्रदर्शन होगा।

**लव सांग से आगाज, वेस्ट इज वेस्ट से फिर दूबारा मिलेंगेः**

समारोह में ओपनिंग व सबसे पहले प्रदर्शित होने वाली फिल्म है 'लव सांग – टूडे – टूमारो एण्ड फ्यूचर' यह फिल्म अंग्रेजी में है तथा जया बच्चन ने इसमें खूबसूरत अभिनय किया है। वहीं क्लोजिंग फिल्म यू.के. की प्रोड्यूसर लेसली उडविव की 'वेस्ट इज वेस्ट' से होगा। फिल्म में ओमपुरी और इला अरूण ने अभिनय किया है। फिल्म की स्क्रिनिंग के दौरान तीनों लोगों की उपस्थिति दर्शकों के बीच नया रोमांच पैदा कर सकेगी।

**अमेरिका ने मारी बाजीः**

'Atithi Devo Bhava' is an ancient tradition in our country and we are obediently following it in the contemporary era as well. It is worth to note that Jaipur International Film Festival is also taking forward the cultural trend of inviting the guests from across the globe to the mega event in the Pink City. In the 4th Airtel Jaipur International Film Festival,

the honor of becoming the guest nation has been given to the United States of America. It is basically because the maximum (27 films) number of films has been nominated in JIFF 2012 from this country only. In the last 2 years, the countries of France and Iran received the honor of becoming the guest countries of the festival.

**साम्राज्यवाद के खिलाफ आयरा लीः**

It is significant to know that out of these 27 films, 10 are made by the prominent filmmaker and social activist Iara Lee. She came to Jaipur to participate in the 3rd JIFF last year and her film 'Cultures of Resistance' won the 'Green Rose' in the Red Carpet Award Ceremony.

This year, she attempted to expose the exploitative face of the American capitalists through various documentary works. Her works highlighted the negative influence of America in various parts of the world including Iraq, Afghanistan and Africa. The best thing about the films of Iara Lee is that they help us to explore those facts which most of the people actually don't know.

**रंगीन व आकर्षक सजावटः**

विजिटर्स के लिए इस बार गोलछा सिनेमा व चैम्बर भवन और गोलछा सिनेमा में रंगीन व आकर्षक डिजाइन भी की गई है।

**गोलछा का कर्णप्रिय संगीत देगा मजा :**

फिल्म देखने का मजा तब आता है जब साउण्ड अच्छा हो। गोलछा सिनेमा का साउण्ड काफी बेहतर है। दर्शकों को फिल्में देखते समय साउण्ड का अलग मजा आयेगा।

**सांस्कृति कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा : वीणा की तान करेगी मंत्रमुग्धः**

**सिटी पैलेस शाही शामियाना राजस्थानः**

मेहमानों के लिए खास सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उद्घाटन सत्र में पं. विश्वमोहन भट्ट अपनी वीणा की तना छेडेंगे। 31 जनवरी को सिटी पैलेस में राजस्थानी गीत और नृत्यों की धूम मचेगी। वीणा कैसेट अपनी खास पेशकश भी लेकर आयेगी। सिटी पैलेस एक तरह से राजस्थानी शाही शायराना माहौल देखने को मिलेगा। सिटी पैलेस को क्लोजिंग सेरेमनी का खास तौर से सजाया जायेगा।

**जलमहल में नौका, लहरें और राजस्थानी संगीतः**

31 जनवरी को जलमहल में मांगणियार और लंगा अपने कार्यक्रमों से राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। चारों तरफ पानी लहरें अपना तराना छेडेंगी तो नौकायें देश विदेश से आये मेहमानों का अठखेलियां करती हुई जलमहल का भ्रमण करायेंगी। कच्ची घोडी नृत्य और घूमर के आकर्षक व अद्‌भुत नजारें देखने योग्य होगें।

**यूरोप, एशिया, अमेरिका, अफ्रीकाः**

मेला रे मेला प्रत्येक महाद्वीप से पधारे मेहमानों का मेला एशिया, यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया सभी महाद्वीपों की संस्कृतियों के संगम का नया रोमांच पैदा करता नजर आयेगा।

**हॉलीवुड–बॉलीवुड में टक्करः**

फिल्मों की बानगी कहें तो वाह लाजवाब। ज्यूरी बिचारी निर्णयों के फैर में फंसी रहेगी। किसको दे अवार्ड। कौनसा देश कौनसी बाजी मारेगा। टक्कर जबरदस्त है। हो भी क्यों नहीं विश्व की श्रेष्ठ फिलमें जो हैं। हाल ही में गोल्डन विजेता फिल्म 'ए सेपरेशन' भी जिफ में तीन श्रेणियों में नामांकित हुई है।

**फिल्म बनने के बाद फिल्म बनने के पहले फिल्म बाजार होगा आकर्षण का केन्द को प्रोड्क्शन देगा नई ऊंचाईयांः**

द मर्चेन्ट नाम से फिल्म मार्केट की शुरूआत जिफ के आयोजन को बेहतरीन बनाने के साथ–साथ देश–विदेश के फिल्म मेकर्स के लिए महत्वपूर्ण शुरूआत व खोज है। द मर्चेन्ट विश्व के किसी भी फिल्म मार्केट की नकल न होकर ये एकदम अलग है। इसमें भागीदारी से लेकर फिल्म चयन तक सभी प्रणालियां विश्व में पहली बार प्रायोगिक तौर पर इजाद की गई है।

इस वर्ष फिल्म मार्केट में ज्यादातर राजस्थान के फिल्म वितरकों, निर्माताओं को आमन्त्रित किया जा रहा है। इसकी वजह ये है कि द मर्चेन्ट में से एक बेस्ट फिल्म का चयन किया जायेगा जिसका प्रदर्शन जयपुर या राजस्थान में किया जायेगा।

द मर्चेन्ट में फिल्म सबमिट कराने के अनेक फायदे हैं। फिल्म मेकर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, फिल्म निर्माताओं, फिल्म क्रेता–विक्रेताओं में आपस में संवाद हो सकेगा। फिल्मों की खरीद फरोख्त हो सकेगी।

द मर्चेन्ट में भाग लेने के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन फार्म समारोह की वेबसाइट www.jiffindia.org पर उपलब्ध है।

गौरतलब है कि 'द मर्चेन्ट' की नींव पिछले वर्ष जिफ 2011 में रखी गई थी। इसमें केवल दो सेशन रखे गये थे : द मर्चेन्ट और फिल्म वितरण–जयपुर, भारत और विश्व में। लगभग 20 फिल्म मेकर्स, फिल्म समालोचक तथा डिस्ट्रीब्यूटर्स और प्रोड्यूर्स ने इसमें भाग लिया था।

जिनमें प्रमुख हैं – टी.पी. अग्रवाल, संजय चतर, नन्द किशोर जालानी (भारत) आयरा ली (अमेरिका), अलेक्जेन्डर डेल बियोन्को (इटली) इश थापर (यू.के.) और मुकेश आसोपा (कनाडा) प्रमुख हैं।

जिफ 2013 में द मर्चेन्ट का विश्वव्यापी प्रचार–प्रसार किया जायेगा तथा इसके स्वरूप को और भी बड़े स्तर पर फैलाया जायेगा। अगले वर्ष से देश–विदेश की फिल्म निर्माण से जुड़ी छोटी–बड़ी सभी कम्पनियों को आमंत्रित किया जावेगा।

**सुन्दरियों के जलवेः**

समरोह में कई यंग अभिनेत्रियां भाग लने जयपुर पहुंच रही है। वहीं मिस नाइजीरिया (ब्यूटीक्वीन) ओकोलो और बलेजिंग दुग भी जयपुर पहुंच रही है। साथ 5 लोगों का एक दल भी होगा।

**7 विषयों पर 3 सेमिनार और 2 वर्कशापः**

समारोह में वर्ल्ड क्लासिक सिनेमा, कम बजट में बेहतर फिल्म बनाना, रिजनल सिनेमा का फ्यूचर, विश्व सिनेमा एक जगह जयपुर में क्यों और कैसे जैसे 7 विषयों पर 3 सेमिनार होंगे।ये सेमिनार 31 जनवरी तक चैम्बर भवन में 1.00 बजे से होंगे।

स्क्रिप्ट राइटिंग व फिल्म निर्देशन पर दो वर्कशाप प्रातः 10.00 बजे से चैम्बर भवन में 28–30 जनवरी तक होगी।

वर्कशप सेमिनार ऑस्ट्रेलिया में एन्ड्रयू वायल, भारत से सुभाष कपूर, फ्रांस से ऑस्कर विजेता प्रोड्यूसर मार्क बसीत जैसी अनेक हस्तियां प्रतिभागियों से रूबरू होंगे।

**स्पेनिश क्लासिकल सिनेमाः**

पिछले वर्षों से चली आ रही परम्पराओं के अनुसार इस वर्ष जिफ में स्पेशल फोकस **'स्पेनिश क्लासिकल सिनेमा'** रखा गया है इसमें लुईस ब्यूनिअल की चार फिल्में शामिल की गई हैं : द ब्रय्यूट (1953), सुसाना (1951), इल्यूजन ट्रैवल्स बाई स्ट्रेक्टर (1954) और वूमेन विदाउट लव (1952) शामिल की गई हैं।

लुईस ब्यूनिअल का जन्म 1900 ई. में स्पेन में तथा मृत्यु 1983 में मौम्मिकों में हुई। फिल्म वर्ल्ड के जाने माने डायरेक्टर ब्यूनिअल की फिल्म निर्माण में अपनी अलग ही शैली थी। सामाजिक, राजनीतिक कलात्मक पहलू उनकी फिल्मों में प्रमुखता से देखे जा सकते हैं। उन्हें सीनेमेटिक सुरेलिज्म का पिता भी कहा जाता है।

लईस ब्यूनिअल ने विश्व के प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में नामांकित किया गया, विजेता भी रहे जैसे कि कान्स, वेनिस, बाफ्टा, बर्लिन और ऑस्कर में ।

अल्फ्रेडा के ब्रगान्जा स्पेशल फोकस सिनेमा के रिब्रजेटेटिव होंगे। फिल्मों की स्क्रिनिंग के दौरान वे उपस्थित रहेंगे। ये सभी फिल्में इमेजिन इण्डिया इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल, स्पेन ने जिफ को उपलब्ध कराई है।

**आज देख लो कल हो ना होः**

जिफ 2012 में मानवी रिश्ते, व्यवहार, सभ्यताओं के उत्थान–पतन के साथ–साथ विभिन्न विषयों पर बनी फिल्में दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ सकेगी। वहीं विभिन्न देशों की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिल सकेगा। सभी फिल्में कमाल की हैं।

**अब सारे विश्व में चर्चा :**

जयपुर के जलवे अब पूरे विश्व में हैं। जिफ जयपुर की छवि आज विश्वभर में प्रतिवर्ष निखरती जा रही है। चारों तरफ से एक ही डायलाग सुनाई दे रहा है – **कीप इट अप** प्रसिद्ध फिल्म **गोविन्द निहलानी कहते हैं कान्स के बाद जिफ अब फिल्म मेकर्स का पसन्दीदा फिल्म समारोह बनकर उभर रहा है।** विश्व के नामी फिल्म मेकर्स व फिल्म फैस्टिवल्स भी जिफ की प्रगति को देखकर आश्चर्यचकित हैं।

**शब्द नहीं, चित्र नहीं, ध्वनि नहीं यहां तो सभी का संगम हैः**

सिनेमा वह माध्यम है जिसे अंधा सुन सकता है, बहरा देख सकता है, अनपढ़ समझ सकता है। यही वजह है सिनेमा अभिव्यक्ति का सबसे अच्छा माध्यम है। और इन सब का संगम होगा जिफ।

**महिला विषयों पर डरावली फिल्में देखियेः**

जिफ में महिलाओं पर आधारित डरावनी फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जावेगा। चिस्टर और शॉ डे, ब्लुडी स्नोदे नामक फिल्मों का प्रदर्शन 31 जनवरी को गोलछा सिनेमा में 12 से 2. बजे के बीच होगा ,दर्शक डरावनी फिल्मों देखने का आनन्द उठा सकते हैं।

**तीसरे विश्व के ग्लैमर जलवेः**

लगजम्बर्ग, पेरू, साउथ, अफ्रीका के बेहतरीन फिल्मों का प्रदर्शन जिफ में होने का जा रहा है।

**कई एम्बार्सडरों ने दिखाई रूचीः**

स्पेन, जर्मनी, पेरू आदि देशों के एम्बार्सडरों ने जिफ को काफी सराहा है तथा भारत और अपने देश के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान पर जोर दिया है। ब्राजील एम्बेसेडर ने समारोह में भाग लेने की मंशा भी जाहिर की है।

**रूबायत की मेहर जान याद दिलायेगी रिश्तेः**

बांग्लादेशी निदेशक की फिल्म मेहरजान रिश्तों की खूबसूरती को पेश करती है। इस फिल्म में जया बच्चन ने भी अभिनय किया है।

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का चन्द्रयान जयपुर में:**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति की अद्भुत खोज चन्द्रयान पर आधारित मनोंरजन व संदेश प्रदान फिल्म चंद्रयान का प्रदर्शन 30 जनवरी को गोलछा में प्रातः 10 बजे होगा। यह फिल्म बहुत ही रोमांचक है। खासकर विद्यार्थियों को इसमें भारत की एक बड़ी खोज की जानकारी मिल सकती है।

**तलाक पर आधारित ए सेपरेशन जिफ 2012 में:**

दर्शक विश्व की श्रेष्ठ फिल्मों को देखने से कभी चूकता नहीं चाहते। हर अच्छी फिल्म को देखना चाहिये। खासकर ऐसी फिल्म जिसमें हमारे जीवन व समाज के मूल्य उसमें छुपे हों। **'ए सेपरेशन'** जिसका शीर्षक **नादेर एण्ड सीमिन** भी है। ऐसी ही फिल्म है। ऐसी अनेक फिल्म दिखाई देगी चतुर्थ **एयरटेल जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल** में जो पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से 27–31 जनवरी तक आयोजित होने जा रहा है।

रविवार रात ऑस्कर के बाद विश्व में सबसे प्रतिष्ठित अवार्ड **गोल्डन गलोब** पुरस्कारों की जब घोषणा की गई थी तो उसमें बेस्ट विदेशी फिल्म का पुरस्कार इसी फिल्म ने जीता। ये फिल्म ईरान और फ्रांस की को–प्रोडक्शन फिल्म है। मूलतः इस फिल्म की विषय वस्तु है 'तलाक'। नादेर की पत्नी जब सीमिन उसे छोड़ देती है तो नादेर एक यंग महिला को उपने पिता की सेवा के लिए रख लेता है। पर उसे पता नहीं कि वह प्रेगनेन्ट है। वहीं से खड़ी होती है समस्यायें और तलाक की बातें। नादेर जाल में फंसता जाता है, जनता आरोप प्रत्यारोप लगाने लगती है। अंत में कोर्ट के फैसले के अनुसार दोनों अलग हो जाते हैं।

यह समस्या आज भारतीय परिवारों में अक्सर देखी जाती है। रिश्तों में तलाक और विवाद दोनों ही बढ़ रहे हैं। ऐसे में ये फिल्म भारतीय परिवारों पर एक महत्वपूर्ण सारांश छोड़ सकती है।

जिफ 2012 में इस फिल्म का चयन गोल्डन कैमल, रेड रोज और ग्रीन रोज के लिए नामांकन हुआ है। अब गोल्डन ग्लोब के बाद जिफ में इस दर्शकों के दिल में छा जाने की बारी है। फिल्म का प्रदर्शन 28 जनवरी को सुबह 10.00 बजे से गोलछा सिनेमा में शुरू होगा। फिल्म की अवधि 2 घंटे 3 मिनट है।

**पांच पनोरमा 25 अवार्ड:**

फैस्टिवल पांच विभिन्न पनोरमओं में बंटा होगा। 24 फीचर फिल्में (कुल 28), 22 एनिमेशन फिल्में से प्रतिस्पर्धा में होगी। वर्ल्डवुड इन्टरनेशनल में 135 फिल्मों में कम्पीटीशन होगा। अपकमिंग स्टार पनोरमा में 10 स्टूडेन्ट्स फिल्में होगी। यूटर्न राजस्थान पनोरमा में राजस्थान

की 23 फिल्में होगी। समारोह में कुल 179 फिलमें हैं जिनमें शार्ट 109 डॉक्यूमेंट्री 26 एनिमेशन 22 और फीचर 28 है। इनमें से 94 विदेशी 85 भारतीय है। 23 फिल्में राजस्थान से हैं।

**रजिस्ट्रेशन अनिवार्य:**

समारोह में भाग लेने हेतु पंजियन कराना अनिवार्य है। पंजीयन गोलछा सिनेमा और चैम्बर भवन में शुरू हो चुका है। पंजीयन शुल्क 250 रुपये है जिसमें ओपनिंग सेरेमनी में भाग लेने के साथ सभी फिल्में देख सकते हें। विद्याथियों के लिए ये शुल्क 200 रुपये है। यदि वर्कशाप सेमिनार में भी भाग लेना चाहते हैं तो यह शुल्क 1000 रुपये है जबकि विद्यार्थियों के लिए 500 रुपये है।

**वेलकम टू मली लैण्ड:**

जिफ की इस वर्ष से पंच लाईन है। **वेलकम टू मूवीलैण्ड** राजस्थान फिल्मों की शूटिंग का स्वर्ग बनकर उभर रहा है। भारत में प्रतिवर्ष विश्व के सबसे ज्यादा फिल्में बनती हैं। इस पंचलाईन में अपने आप में राजस्थान और भारत की धरती पर पधारने वाले मेहमानों के वेलकम का जोशभरा अंदाज भी झलकता है।

**पिछले वर्ष समारोह में 144 फिल्मों का अंतिम चयन किया गया था।**

**फिल्मों का प्रदर्शन 28 से 31 जनवरी प्रातः 10.00 से रात्रि 9.00 बजे तक गोलछा सिनेमा और चैम्बर भवन में होगा।**

(**जीफ मीडिया रूम**)

**निदेशक**

**(हनुरोज)**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल
Mob: +91-9+252259601 Ph: +141-6500601